जल महोत्सव का 8वां संस्करण

चर्चा में क्यों

20 दिसंबर, 2023 को खंडवा ज़िले के इंदिरा सागर बांध के जलाशय में जल पर्यटन के लिए देशभर में प्रसिद्ध हनुवंतिया टापू पर जल महोत्सव का 8वां संस्करण शुरू हो गया। महोत्सव का समापन 20 फरवरी को होगा।

प्रमुख बिंदु

- कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल महोत्सव की शुरुआत की।
- नर्मदा नदी पर बने इंदिरा सागर बांध के बेकवाटर में बसे नमिाड़ का सिंगापुर कहे जाने वाले हनुवंतिया में दो माह तक पर्यटक टेंट सिटी, वाटर स्पोर्ट्स और जल, थल तथा आकाश की रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे।
- प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज़्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि यादगार और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए भव्य टेंट सिटी स्थापित की गई है। टेंट सिटी हनुवंतिया के सुंदर दृश्यों के बीच पर्यटकों को एडवेंचर एक्टिविटीज करने के बाद आराम करने और अपनों के साथ समय व्यतीत करने का बेहतरीन अवसर देंगे।
- कल्चरल एक्टिविटीज के साथ साथ यहाँ कई तरह की वैलनेस एक्टिविटीज का भी आयोजन किया जायेगा जो मध्य प्रदेश के मिनी गोवा में आये पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।
- वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज, पर्यटकों को रोमांचक और अद्वितीय अनुभव से सराबोर कर देंगे। जेट स्की, स्पीड बोट, बनाना राइड, बंपर राइड, हॉट एयर बैलून, लैंड पैरासेलिंग, पैरा मोटर, रिवर्स/इजेक्शन बंजी आर्चरी, बोट एवं वाटर एक्टिविटीज, एटीवी बाइक राइड, आइलैंड पर ट्रेकिंग - हाइकिंग, हाई रोप कोर्स, जिप लाइन, ज़ोरबिंग (वाटर एक्टिविटी), एयर गन शूटिंग, वॉल क्लाइंबिंग और अन्य गतिविधियों का आनंद पर्यटक ले सकेंगे।
- उल्लेखनीय हैं कि मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा सनसेट डेजर्ट कैंप के सहयोग से जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए उच्चतम मानक अनुसार व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/8th-edition-of-water-festival